राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय

सं. : CURAJ/R/F./138 /2022/1434 दिनांक: 21.07.2022

खुली बोली - नीलामी सूचना

सर्व-साधारण को एततद्वारा सूचित किया जाता है कि राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बांदरसिंदरी (किशनगढ़) परिसर में मेगा-मेस के पास इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन (ESS) भवन से पुराने फर्नीचर (टेबल, कुर्सियां आदि), प्लास्टिक तथा लोहे का सामान एवं डिब्बे/ गत्ते इत्यादि की नीलामी दिनांक 01.08.2022 को समय 11 बजे खुली बोली के माध्यम से की जाएगी । इच्छुक बोलीकर्ता जो नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, उपरोक्त नीलामी दिनांक से पहले किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) में प्रात: 10.00 बजे से साँय 5.00 बजे के मध्य नीलाम किये जाने वाले सामान का निरीक्षण कर सकते हैं ।

नीलामी की शर्तें (नीलामी सूचना) राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय की वैबसाइट (www.curaj.ac.in) तथा CPP पोर्टल (eprocure.gov.in) पर नि:शुल्क डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है ।

नीलामी की शर्ते :-

1. बोली लगाने वाले इच्छुक सभी पार्टी /फ़र्म को अमानत राशि रुपये 5000/- (रुपये पाँच हज़ार मात्र) नगद अथवा बैंक डिमांड ड्राफ्ट द्वारा राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बांदरसिंदरी (किशनगढ़) को जमा करनी होगी । असफल बोलीदाताओं की अमानत राशि लौटा दी जाएगी ।
2. नीलामी किए जाने वाले सामान में पुराने टूटे-फूटे फ़र्निचर, लोहा, प्लास्टिक, रद्दी कागज़, डिब्बे/गत्ते आदि शामिल हैं, को "जो है, जैसा है, जहाँ है" के आधार पर खुली बोली के माध्यम से नीलाम किया जायेगा ।
3. बोलीकर्ता पार्टी/ फ़र्म कार्य आदेश के बाद यदि निर्धारित पाँच (05) दिन में नीलम किए गए समस्त सामान को ले जाने में समर्थ नहीं होता है तो उसकी अमानत राशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जाएगी तथा नीलामी को निरस्त माना जावेगा ।
4. बोली/ नीलामी को मान्य या अमान्य करने का पूर्ण अधिकार राजस्थान केन्द्रीय विश्वविध्यालय की तदर्थ गठित नीलामी समिति को होगा ।
5. बोली लगाने वाली पार्टी/ फ़र्म का बैंक में खाता होना आवश्यक है जिसकी सूचना सफल बोलीदाता द्वारा राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय को देनी होगी ।
6. बोली/ नीलामी को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार राजस्थान केन्द्रीय विश्वविध्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

7. नीलामी राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में मेगा मैस के पास स्थित इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन (ESS) भवन से सभी उपस्थित बोलीकर्ताओ की मौजूदगी में की जाएगी ।

8. सफल बोली कर्ता को बोली छूटते समय अमानत राशि (रु 5000/-) को समायोजित करते हुये सफल बोली राशि की 50 प्रतिशत तुरंत उसी दिन भुगतान करनी होगी । बकाया राशि सामान उठाने के समय पूर्व भुगतान करनी होगी ।

9. नीलाम किये सामान को सफल बोलीकर्ता द्वारा स्वयं अपने परिवहन व्यवस्था/ खर्चे से निर्धारित स्थान से उठाना होगा ।

10. सफल बोलीकर्ता की मान्य फोटो पहचान पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध करानी होगी जिसका मिलान सामान उठाते समय किया जा सकता है ।

-sd-

कुलसचिव (प्रभारी)

प्रतिलिपि - सभी को विस्तृत प्रसार करने के अनुरोध सहित प्रेषित :-

1. कुलपति सचिवालय - सूचनार्थ
2. कार्यालय वित्त अधिकारी
3. सम्पदा अनुभाग
4. सहायक कुलसचि (चतुर्थ)/ सुरक्षा अधिकारी
5. क्रय एवं केन्द्रीय भंडार
6. जन संपर्क कार्यालय
7. विश्वविद्यालय नीलामी समिति सदस्य
8. ग्राम पंचायत बांदरसिंदरी
9. ग्राम पंचायत पाटन
10. ग्राम पंचायत नलू
11. ग्राम पंचायत पडासोली
12. सभी सूचना पट, विश्वविद्यालय परिसर